Bareilly, Monday,
3 January 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 16

दैनिक जागरण inext

PAGE NO: 06 MIDDLE

'कैकई ने रचा राम का चरित्र'

कलाकारों ने किया भावुक मंचन.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 Jan): एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम लेखक अश्वनी कुमार द्वारा लिखित नाटक 'मैं पापिनी क्यों' का मंचन किया गया. कैकई के चरित्र पर आधारित इस नाटक में उनके त्याग और बलिदान को बहुत खूबसूरती से दर्शाया गया.

त्याग-बलिदान को दर्शाया

नाटक की शुरुआत रानी कैकई के महराज दशरथ से मांगे गए दो वचन राम को चौदह वर्षों का वनवास और उनके पुत्र भरत को अयोध्या का राजा बनाने से होती है. कैकई ने कहा कि वह समय आने पर वचन मांगेगी. आज उन्हीं वचनों को मांगकर रघुकुल का नाश होने से बचा लिया और खुद को सबकी नजरों में पापिन बना दिया. सभागार में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा. रीता शर्मा, आशीष कुमार और शहर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे.